## नैनी समेत 23 स्टेशनों पर बनेंगे महिला जवानों के लिए आधुनिक चेंजिंग रूम

**जासं, प्रयागराज :** उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के प्रयागराज मंडल ने कार्यस्थल पर लैंगिक समानता और सम्मानजनक माहौल बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। मंडल के 23 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर तैनात महिला आरपीएफ कर्मियों की सुविधा और गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए विशेष 'चेंजिंग रूम' का निर्माण किया जाएगा।

महिला जवानों को ड्यूटी के दौरान बुनियादी सुविधाओं और निजता की कमी का सामना न करना पड़े, इसी उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। प्रयागराज मंडल इंजीनियर (ट्रैक) के अधीन इस परियोजना को ई-टेंडरिंग के माध्यम से मंजूरी दी जा चुकी है, निर्माण कार्य को 12 महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत शंकरगढ़, मानिकपुर, चुर्क/सोनभद्र, पो. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, मीरजापुर, विंध्याचल, मांडा, नैनी, भरवारी, बिंदकी रोड, पनकीधाम, रूरा, शिकोहाबाद, मैनपुरी, फिरोजाबाद, टूंडला जंक्शन, बरहन, हाथरस, अलीगढ़ जंक्शन, खुर्जा जंक्शन और दादरी स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट परिसर में सर्वसुविधायुक्त चेंजिंग रूम बनाए जाएंगे।

# मोहम्मद साहब की पैदाइश पर मुस्लिम समुदाय ने मनाया जश्न

### सभी छोटी-बड़ी मस्जिदों में हुई सजावट, आज निकलेंगे जुलूस-ए-मोहम्मदी

**जासं, प्रयागराज :** मुस्लिम समुदाय ने पैगम्बर मोहम्मद साहब की पैदाइश का जश्न मनाने की शुरुआत मंगलवार देर रात से कर दी। शहर में विभिन्न स्थानों पर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। बुधवार को भी सभी मुस्लिम बहुल्य इलाकों में जुलूस निकाल कर खुशियां मनाने की तैयारी है। पुराने शहर में हरे रंग के झंडों की ढुकानें झंडों से भरी हुई, सड़क पर रोशनी की गई। लाउडस्पीकर से खुशियां जन-जन में प्रसारित करने के लिए इस्लामिक गीत बजाए जाते रहे। जश्न मनाने के लिए कई कमेटियों ने जगह-जगह व्यवस्था की है। सभी छोटी बड़ी मस्जिदों में आकर्षक सजावट की गई है।

मोहम्मद साहब के जन्म का अवसर ईद मिलादुन्नबी के रूप में मनाया जाता है। खुशियों की बहार देर रात से शुरू होती है और दूसरे दिन जश्न मनाया जाता है। शहर के अटाला, दारयाशाह अजमल, बैरहनौला, अकबरपुर, रोशनबाग, नखास कोहना, शहगंज, रसूलपुर, करामत की चौकी, दरियाबाद, रानी मंडी आदि मोहल्लों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विभिन्न कमेटियों के साथ जुलूस ए मोहम्मदी निकालने की तैयारी की है।

दारयाशह अजमल मंडेव में जहरा मनाते लोग • सौजन्य, प्रायोजक

### जश्न-ए-ईद-ए-जहरा में पेश किए कलाम

**प्रयागराज :** अंजुमन गुलजार-ए-कासमी ने दारयाशह अजमल में ईद -ए-जहरा का आयोजन किया। नामवीन शायरों ने इसमें कलाम पेश किये। मुजतबा हैदर कद्र ने कुरआन की तिलावत से कार्यक्रम की शुरुआत की। नासिर जैदी ने सभी शायरों का स्वागत किया। हसन आबिद, तबु अल्वी, आसिफ बाबा, जहीर अब्बास, आरिफ मुस्तफाबादी, हमरान, आफताब, फरमान, जीशान जाफर, समर, शाहिद और माशू आदि मौजूद रहे। एहतेशाम इलाहाबादी ने संचालन किया। शाहाब जमन, वासिर जैदी और शाहिद अब्बास ने आभार जताया।

## अध्यापन, अनुसंधान व पारदर्शी मूल्यांकन को बल देगा मित्र पोर्टल

**जासं, प्रयागराज :** स्कूली शिक्षा और शिक्षक शिक्षा के ढांचे में नई दिशा लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने मित्र पोर्टल की शुरुआत की है। यह पोर्टल राष्ट्रीय शिक्षा नीति को जमीन पर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय संस्कृति में मित्र केवल साथी नहीं, बल्कि मार्गदर्शक भी होता है, इसी सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए यह डिजिटल इकोसिस्टम विकसित किया गया है। मित्र पोर्टल देशभर के प्रोफेसरों, अध्यापकों, सेवानिवृत्त शिक्षाविदों और विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों को एकत्रित करेगा। यह एक उत्कृष्ट मेंटर ढूंढ बनाने के साथ-साथ शिक्षकों के बीच संवाद स्थापित करने में भी सहायक होगा। राष्ट्रीय मेंटर शकुंतला शर्मा के अनुसार, इस पोर्टल का पूरा नाम मेंटरिंग इनीशिएटिव आफ टीचिंग रिसर्च एंड असिस्टेंट है, और इसका संचालन राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा किया जाएगा।

## स्वच्छता पखवाड़ा क्विज में सौरभ ने मारी बाजी

**प्रयागराज :** केपी ट्रेनिंग कालेज में मेरा युवा भारत तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में स्वच्छता पखवाड़ा क्विज प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कालेज की प्राचार्य प्रो. अंजना श्रीवास्तव रहीं। जिटी ग्रायरेक्टर जगृति पांडे और मेशनल युवा कोऑर्डिनेटर निर्मल कांत पांडे ने स्वच्छता पखवाड़े के उद्देश्य और युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रो. अंजना श्रीवास्तव और प्रो. शशित शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन, उत्तम स्वच्छता तथा स्वच्छ भारत मिशन के महत्व पर विस्तार से विचार रखे।

## इवि में प्राक्टोरियल बोर्ड का पुनर्गठन, 37 शिक्षक नियुक्त

**जासं, प्रयागराज :** इवि प्रशासन ने परिसर में व्यवस्था और अनुशासन व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्राक्टोरियल बोर्ड का पुनर्गठन किया है। विज्ञान, कला तथा विधि एवं वाणिज्य संकायों के कुल 37 शिक्षकों को प्राक्टोरियल बोर्ड में विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के डा. अतुल नारायण सिंह को प्राक्टर (प्रभारी) नियुक्त किया गया है। वहीं गणित विभाग के डा. ज्ञान चंद्र सिंह यादव तथा वाणिज्य विभाग की डा. अर्चना सिंह को डिप्टी प्राक्टर की जिम्मेदारी दी गई है। विज्ञान संकाय से 11 शिक्षकों को सहायक प्राक्टर बनाया गया है, जबकि कला संकाय से 18 शिक्षकों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार विधि एवं वाणिज्य संकाय से छह शिक्षकों को सहायक प्राक्टर नियुक्त किया गया है। अधिसूचना के अनुसार प्राक्टोरियल बोर्ड के सभी सदस्य विश्वविद्यालय परिसर में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने और अनुशासन संबंधी दायित्वों के निर्वहन के लिए कार्य करेंगे। सभी नियुक्त शिक्षकों को प्राक्टर डा. अतुल नारायण सिंह के समक्ष रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

## 12460 शिक्षक भर्ती में बीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त वालों को मांगी सूची

**राकेश जागरण, प्रयागराज:** बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक विद्यालयों की 12460 सहायक अध्यापक भर्ती को लेकर सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन मुकदमे में संबंधित जिलों से बीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की सूची परिषद सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने 31 अगस्त तक मांगी है। इस संबंध में 51 जिलों के बीएसए को भेजे पत्र में परिषद सचिव ने निर्देश दिया है कि 17 और 18 जून 2026 को काउंसिलिंग कराने वाले यायिकाकर्ताओं की सूची वर्तमान में उपलब्ध रिक्त पदों एवं मेरिट के आधार पर वर्गवार/श्रेणीवार तैयार कर परिषद कार्यालय को हार्ड व साफ्टकॉपी में तय समय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## समृद्ध व वैज्ञानिक भाषा है संस्कृत : जेतली

**जासं, प्रयागराज :** इवि के संस्कृत विभाग ने संस्कृत सप्ताह महोत्सव का आयोजन किया। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अजय कुमार जेटली ने बताया कि संस्कृत केवल देववाणी नहीं, बल्कि एक अत्यंत वैज्ञानिक और समृद्ध भाषा है। उन्होंने कहा कि यह साहित्य और कला की दृष्टि से विश्व की समृद्ध भाषाओं में शामिल है और भारतीय ज्ञान-परंपरा को समझने के लिए इसका अध्ययन आवश्यक है। अध्यक्ष प्रो. अनिल प्रताप गिरि ने कहा कि संस्कृत से जुड़ी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में भाषा के प्रति प्रेम और सामाजिक सद्भाव की भावना विकसित करती हैं।

## हृदयाघात से प्रो. एके सिंह का निधन

**प्रयागराज :** मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर एके सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। वह मूलतः बस्ती उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। प्रो. सिंह शैक्षणिक एवं शोध कार्य के सिलसिले में दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने गए थे। इसी दौरान अचानक हृदयाघात आने से उनका निधन हो गया। कुलसचिव प्रो. अंबक कुमार राय ने कहा कि उनके निधन से एमएनएनआइटी परिवार ने एक अनुभवी शिक्षक, कुशल शिक्षादिद और समर्पित संस्थानकर्मी को खो दिया है।

## चित्रकारों ने कैनवास पर उकेरी भावनाएं

**जासं, प्रयागराज :** मौसम मानसून का है, वर्षा से प्रकृति में हरियाली आ चुकी है तो अपने मन का उल्लास दिखाने से चित्रकार कहां पीछे आने वाले। 52 उदीयमान चित्रकारों ने कैनवास पर उकेर दी एक से एक भावनाएं। इलाहाबाद संग्रहालय स्थित एक कुमारस्वामी कक्ष में इन कलाकारों के 150 चित्रों का प्रदर्शन किया गया है। मंगलवार को चित्रकला प्रदर्शनी 'मानसून मूड — नेचर कैनवास' का उद्घाटन मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जैतली ने किया। संग्रहालय के वरीय निदेशक प्रयागराज के मंडलायुक्त डा. लोकेश एम विशिष्ट अतिथि रहे। मंडलायुक्त ने प्रदर्शनी में चित्रों को देखकर चित्रकारों से उनके विषय के बारे में जानकारी ली।


**KANPUR boat club**

Ref.No.-114 Date:-25.08.2026

Kanpur Boat Club Invites Request for Proposal for Selection of Agency for Providing, Operation and Management Services with Food Kiosks, Boating Facility and Other Facilities for 10 years at Kanpur Boat Club, Ganga Barrage, Kanpur.

Detailed RfP Document can be Downloaded from the http://etender.up.nic.in. the bidder shall submit bid online on e-tender portal http://etender.up.nic.in. Period of Availability of Tender, Date Schedule are given below:

| | |
|---|---|
| Bid Upload Date | 25.08.2026, 12:00 PM |
| Proposed Start Date | 26.08.2026, 12:00 PM |
| Proposal Due Date | 10.09.2026, 03:00 PM |
| Opening of Technical Bids | 10.09.2026, 05:00 PM |
| Opening of Financial Bids | To be communicated |

The bid queries should be sent to email id: kdazone@gmail.com, ceksdaindia@gmail.com

**यूको बैक** आंचलिक कार्यालय: धनश्री कॉम्पलेक्स, प्रथम तल, डी–63/8–1एम, तुलसीपुर, महमूरगंज, वाराणसी

ई–नीलामी बिक्री सूचना (सरफेसी एक्ट 2002 के तहत)

बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूतिकरण वित्तीय आस्ति का पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज का प्रवर्तन अधिनियम–2002 (SARFAESI Act-2002) की धारा 13(2) सपठित नियम 5,6,7,8 और 9 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए बैंक के पास सांकेतिक कब्जे वाई ए–नोटिस जारी करने के उपरांत उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का कब्जा ले लिया है और अब प्राधिकृत अधिकारी उक्त संपत्ति को "जो है, जैसा है, जहाँ है" के आधार पर दिनांक 11.09.2026 को स्थानियत ई–नीलामी (Baanknet Portal) द्वारा बिक्री करने हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | शाखा का नाम ऋणी का नाम व बन्धककर्ता का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | कब्जा तिथि/ कब्जा की वस्तु-स्थिति (वास्तविक/प्रतीकात्मक) | मांग सूचना की तिथि व बकाया राशि | आरक्षित मूल्य अग्रिम मूल्य निविदा बढ़ोतरी राशि का विवरण | प्राधिकृत अधिकारी की तारीख व समय | ई-नीलामी की तारीख |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रयागराज मुख्य (0032) | | आरक्षी संख्या 10 शेयरधारक 245.94 वर्ग मीटर | 11.03.2019 प्रतिकात्मक | 14.12.2018 7,00,370.92 | 104.14 (लाख) 10.42 (लाख) 0.10 (लाख) | 11.09.2026 10:00 AM to 05:00 PM |
| 1. | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |

नीलामी से संबंधित नियम व शर्तों के लिए यूको बैंक की वेबसाइट: website i.e. https://www.ucobank.com, या वीएसबी कन्सिलियास का ई लिंक के https://baanknet.com को देखें।

नोट:– यदि प्रकाशित विज्ञापन में कोई त्रुटि हो जाती है तो अखबारी समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन को सही माना जाये।

दिनांक: 19.08.2026 स्थान: प्रयागराज मुख्य प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक

सरोजनी विज्ञापन दि टाइम्स ऑफ इण्डिया में प्रकाशित।

**उत्तर मध्य रेलवे**

मुख्य रेलपथ इंजीनियर कार्यालय

ई-टेंडरिंग टेन्डर नोटिस

मुख्य रेलपथ इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई निविदा (टू पैकेट सिस्टम) ऑन लाइन (ई-टेंडरिंग) पद्धति से आमंत्रित की जाती है:

ई-टेन्डर क्रमांक: NCR-TP-GPR-2026-01. अनुमानित लागत: Rs. 26.91 Crore

कार्य का विवरण: भारतीय रेलवे पर ढू बैलास्ट रिन्यूअल (TBR) और वर्कशन रेहैबिलिटेशन के लिए बाउंड मैनेजेन्ट एवं तकनीकी की मदद से बैलास्ट के की सेवा की निरन्तरता करना।

निविदा बंद होने की तिथि: 30.10.2026 कार्य पूर्ण करने की अवधि: 36 माह

ऑन लाइन निविदा दिनांक 30.10.2026 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है। पूर्ण जानकारी ताकीदात क्रम कार्य के ई-टेन्डर क्रमांक भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in में। 1977/26(K)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @PRONCR

**Uttar Pradesh Medical Supplies Corporation Limited** (A Govt. of Uttar Pradesh Undertaking) CIN: U74140UP2021SGC152296 GSTIN: 09AACCU2536P1Z2

Tender Ref. No.: GEM/2026/B/7948879 Date: 21-08-2026

Tender Notice Invitation

Uttar Pradesh Medical Supplies Corporation Limited, Lucknow invites tenders on GeM Portal from eligible and qualified Manufacturer/Importer/Authorized Agent for supply of Haematology Analyzer (Fully-Automated). The schedules of Tendering activities are as here under:

| S.N. | Activity | Date & Time |
|---|---|---|
| 1. | Tender Reference No. | GEM/2026/B/7948879 |
| 2. | Commencement of Downloading of Tender Document | 21-08-2026 |
| 3. | Date & Time of Pre-Bid Meeting | 31/08/2026 at 3:00 PM In Conference Hall of UPMSCL, Lucknow. |
| 4. | Last Date & Submission of Online Bids | 11/09/2026 up to 18:00 PM. |
| 5. | Date & Time of Opening of Technical Bids | 11/09/2026 at 18:30 PM |
| 6. | Date of Completion of Examination of Technical Bid | To be declared on GeM Portal |
| 7. | Date & Time of Opening of Financial Bid | To be declared on GeM Portal |
| 8. | Date of Completion of Examination of Financial Bid | To be declared on GeM Portal |

The details of tender notice are given on GeM Portal & UPMSCL website www.upmsc.in. Kindly check GeM Portal & UPMSCL website for any detail & updates.

Managing Director, UPMSCL

Department of Medical Health & Family Welfare, Uttar Pradesh

**UTTAR PRADESH PROMOTE PHARMA COUNCIL (UPPPC)** (A Section 8 Company under Department of Medical Education, Government of Uttar Pradesh)

NOTICE INVITING e-TENDER

Online bids are invited from eligible bidders for engagement of Site Management Organizations (SMOs) in Medical Colleges/Institutes of Uttar Pradesh based upon Cluster based engagement.

| Tender No. (Cluster wise) | |
|---|---|
| UPPPC/2026/SMO/Cluster/001 | UPPPC/2026/SMO/Cluster/008 |
| UPPPC/2026/SMO/Cluster/002 | UPPPC/2026/SMO/Cluster/009 |
| UPPPC/2026/SMO/Cluster/003 | UPPPC/2026/SMO/Cluster/010 |
| UPPPC/2026/SMO/Cluster/004 | UPPPC/2026/SMO/Cluster/011 |
| UPPPC/2026/SMO/Cluster/005 | UPPPC/2026/SMO/Cluster/012 |
| UPPPC/2026/SMO/Cluster/006 | UPPPC/2026/SMO/Cluster/013 |
| UPPPC/2026/SMO/Cluster/007 | UPPPC/2026/SMO/Cluster/014 |

Last date of Submissions : 14.09.2026

Separate bid is required to be submitted for each cluster. There is no limit on participation in number of cluster. Each SMO can be allocated only two clusters. For detailed information

PLEASE VISIT: https://uppromotepharmacouncil.org

MD & CEO, UPPPC

**RAJASTHAN POLICE INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD, JAIPUR**

(Government of Rajasthan Undertaking) CIN NO. U42202RJ2025SGC0[illegible], Regd. Office: 7-B, Police Head Quarter, Lal Kothi, Jaipur (Raj), Phone 0141-2740784, Fax 0141-2741284, email: rpidcl@rajasthanpolice.gov.in

[illegible] – RPIDCL/466/2026-27/D – 3388 [illegible] – 21/08/2026

ई-निविदा सूचना सं. 22/2026-27

निम्नलिखित कार्यों के लिए एल/केन्द्र सरकार के अभियांत्रिकी विंगों/उपक्रमों में सम्बन्ध श्रेणी में पंजीकृत योग्य एवं अनुभवी संवेदकों से नियमानुसार गौण वर्क की बीएसएनएल के सम्पत्ति निर्माण प्रपत्र में क्रम संख्या 01 से 02 तक की निविदा Two Bid के तहत एवं क्रम संख्या 3 की निविदा एकल मद के तहत आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत | रुपये 538.74 लाख |
| ऑन लाईन निविदा फॉर्म मिलने की तारीख | 26 अगस्त 2026 दोपहर 02:00 बजे से 14 सितम्बर 2026 सायं 04.30 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की तारीख | 14 सितम्बर 2026 सायं 06.30 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख | 15 सितम्बर 2026 दोपहर 01:00 बजे |

निविदा सम्बन्धित जानकारी राजस्थान पुलिस की वेबसाइट www.police.rajasthan.gov.in/ www.appp.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी। इच्छुक संवेदकों को निविदा संबंधित जानकारी प्रबन्ध निदेशक कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है। भविष्य में निविदाओं में संशोधन होने पर उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रेषित किया जावेगा। UBN No. : RID2627WSOB00281, RID2627WSOB00282, RID2627WSOB00283

प्रबन्धक
राजस्थान पुलिस अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड
जयपुर

RSJ.RNP/W/26/1463

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या : 26/40 दिनांक : 25.08.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रापण सूचना सामग्री प्रबन्धक, उमरपेठ, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20263251 | इंटरमीडिएट ऑक्सइलिन बिट (IOH बिट) फॉर सिंगल बीटल VCB | 72 सेट | 23.09.2026 |
| 2 | 20263764 | रिपेयर किट फॉर ESP पिस्टे वाल्व | 110 सेट | 24.09.2026 |
| 3 | 20263774A | सेकेंडरी रिलेज फॉर WAG9/WAP7 लोको | 89 नग | 28.09.2026 |
| 4 | 20263658A | सिल्वरोनियम कॉपर स्टीरिंग | 1842 नग | 30.09.2026 |
| 5 | 20263757 | सेटऑफ आइटम फॉर 1V ट्रक टाइट सॉक कन्वन | 43 सेट | 05.10.2026 |
| 6 | 20263588 | ब्रिट फॉर E-70 ब्रेक कंट्रोल यूनिट | 27 सेट | 06.10.2026 |
| 7 | RGC240C-5028 | 24 फाइबर आर्मिड ऑप्टिकल फाइबर केबल | 636 KM | 16.09.2026 |
| 8 | RGC12CORE5028 | 12 कोर सिंगलीग केबल | 3529 KM | 14.09.2026 |
| 9 | 70264194 | पिली कवर फाइल 50X38 स्टेनीलेस | 22463 नग | 06.10.2026 |
| 10 | 70254301C | ब्रेस ऐक्ट | 5496 नग | 12.11.2026 |
| 11 | 70261591 | रोलिंग फ्लैट सेगमेंट | 23 सेट | 29.10.2026 |
| 12 | 70261592 | रोलर टेपर सेगमेंट W S.4 | 23 सेट | 27.10.2026 |

नोट : • उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूर्ण विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। • निविदाओं में किसी भी कथापात्र/त्रुटि-पत्र के लिए हमारा इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से त्रुटि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। 1973/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @PRONCR

**CONFIDENTIAL PRINTING**

A Government Organization conducting Examinations invites proposal from printers of repute and capable of executing examination related confidential printing works with latest equipments facilities and security measures, for furnishing details/profile with reference to the following points:

(1) Office/Press site (2) Minimum 2 Crore average annual turnover during last 03 years (with Profit and Loss Statement) and CA Certificate clearly showing turnover during last three financial years. (3) List of Customers with details of confidential Printing work done in the last 5 years. (4) Period of experience in confidential Printing (5) Printing capacity per day (i) in terms of 26cmx20cm size paper (ii) A4 Size Booklet (40 pages) both side printed. (6) Security equipments/Measures at office/work site (7) List of facilities/Machineries (Pre-Printing, Post printing, Binding, Packing etc. (8) Transport/delivery system (9) Details of registration with IBA/RBI (10) Authorised contact person and Telephone/Fax numbers/Email address.

Interested agencies already carrying out confidential printing works need only apply giving above details, along with relevant supporting documents in two copies (Office/Work site/contact details not to be mentioned in one copy) to **Post Box no. 310 of Naldunia 4th and 5th floor 54, Vikram Urban behind Hotel Sayaji, Vijay Nagar, Indore (M.P.) Pin-452010 Latest by 17.09.2026.**

WORLD BANK GROUP

कृषि विकास में प्रगति
ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि

पूर्वी उत्तर प्रदेश के 21 एवं बुंदेलखंड के 7 जनपदों में कृषि उत्पादकता एवं अन्नदाताओं की आय में वृद्धि हेतु

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
के नेतृत्व में

विश्व बैंक वित्तपोषित
उत्तर प्रदेश एग्रीबिजनेस ग्रोथ एंड लिंकेज स्ट्रक्चराइज
इकोसिस्टम इंहेंसिंग (UP-AGREES) परियोजना
के अंतर्गत
UPDASP के साथ
ग्रूपल एवं नेटवर्क फॉर ट्रूमेनिटी,
आई.टी.सी. तथा एक्वाब्रिज का
समझौता ज्ञापन (MoU)
हस्ताक्षर समारोह

गरिमामयी उपस्थिति
अनिल राजभर
मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय, उत्तर प्रदेश
एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

26 अगस्त, 2026 • अपराह्न 3:00 बजे
5, कालिदास मार्ग, लखनऊ

साझेदारी से ग्रामीण समृद्धि

$1 ट्रिलियन इकोनॉमी हेतु ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण
कृषि उत्पादकता में वृद्धि
किसानों की आय में सतत वृद्धि
वित्तीय समावेशन को सुदृढ़ करना
डिजिटल कृषि सेवाओं का विस्तार
बेहतर बाजार एवं निर्यात के अवसर उपलब्ध कराना

खुशहाल अन्नदाता-भारत के भाग्यविधाता
• गौरव किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 3.12 करोड़ किसानों को ₹1.03 लाख करोड़ • डा अंबेडकर गन्ना किसानों को ₹3.25 लाख करोड़ • दो डिग्री कुपोषण • गन्ना उत्पादन मूल्य ₹315 से बढ़ाकर ₹400 प्रति क्विंटल किया गया • गौरव पुरुष योजनान्तर्गत 91,104• सोलर फेंसिंग की स्थापना • कुटीरवर्ग के समस्त उत्पादों में 23 हजार 510 करोड़ रुपये के मूल्य में नौ-अवसीय प्रसंस्कृत सेवी

खेती में नई क्रांति लाएं, आधुनिक तकनीक अपनाएं

यूपी एग्रो जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
यूपी सरकार DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS
कृषि सहायता केंद्र नं. : 0522-2317003
किसान मित्र कॉल सेंटर उत्तर प्रदेश सरकार 1076